दैनिक

# परिहार गर्जना

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 135 | छतरपुर, बुधवार 11 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## प्रदेश के हर व्यक्ति को समय पर, सुलभ और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने सरकार प्रतिबद्ध- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**-वर्ल्ड बैंक का अध्ययन प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को सशक्त करने के लिए प्रदान करेगा मजबूत आधार**

**-उप मुख्यमंत्री से वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य भेंट**



भोपाल 10 दिसम्बर। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति को समय पर, सुलभ और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और अन्य चिकित्सा मैनपावर की कमी एक प्रमुख चुनौती है, जिसे प्रभावी रणनीतियों से दूर किया जाना जरूरी है। इसके लिए मेडिकल के साथ नॉन-मेडिकल हस्तक्षेपों पर भी काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि प्रदेश में सभी स्वास्थ्य सेवाओं और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदेश के हर क्षेत्र और हर वर्ग तक पहुँच सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से आज मंत्रालय भोपाल में वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न विषयों और अंत:क्षेपों पर विस्तृत चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में भी उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को मजबूत बनाने के लिए फर्स्ट रेफरल यूनिट्स के रूप में विकसित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में वृद्धि के साथ मैनपॉवर व्यवस्था के लिये व्यापक भर्तियाँ की जा रही है। इन प्रयासों के सदुपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य मानकों में सुधार शासन का लक्ष्य है।

***तात्कालिक और दीर्घकालिक लाभ के लिये दें सुझाव***

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेष रूप से शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन मानकों में सुधार के लिए ऐसी रणनीतियां बनाई जानी चाहिए जो शॉर्ट टर्म में त्वरित प्रभाव दें साथ ही दीर्घकालिक समाधान भी प्रदान करें। उन्होंने वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि मंडल से प्रदेश की वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों का सटीक आकलन कर ऐसे सुझाव देने के लिये कहा जिनसे तात्कालिक और दीर्घकालिक लाभ चरणबद्ध रूप से प्राप्त हो सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्ल्ड बैंक का यह अध्ययन प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को समझने और सुधारात्मक कदम उठाने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। बैठक में

**...शेष पृष्ठ दो पर**

## जनसुनवाई में आये युवक द्वारा आत्मदाह की नाकाम कोशिश

**कलेक्ट्रेट में मचा हड़कंप, मुड़ेरी मिश्रनपुरवा का निवासी है युवक**

छतरपुर। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में चल रही जनसुनवाई के बीच उस वक्त हड़कंप मच गया जब आवेदन देने आए एक युवक ने स्वयं के ऊपर डीजल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने गंभीर घटना होने से पहले ही युवक को पकड़ लिया था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक हंगामा करने वाले युवक का नाम जीतेन्द्र मिश्रा है, जो कि लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ेरी मिश्रन पुरवा का रहने वाला है। 14 अगस्त 2024 को गांव के ही कृष्णकांत गर्ग उर्फ पप्पू ने अपने साथी गनेश गर्ग, सत्यम तिवारी, दीपू तिवारी, बल्लू मिश्रा और रज्जू शुक्ला के साथ मिलकर जीतेन्द्र मिश्रा को पीटा था। जीतेन्द्र की शिकायत पर लवकुशनगर थाना में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 318, बीएनएस की धारा 109, 115 (2), 118(1), 191(3), 296/191(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण में पुलिस 29 सितंबर 2024 को आरोपी सत्यम तिवारी, दीपू तिवारी एवं रज्जू शुक्ला को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि शेष आरोपी फरारा हैं। जीतेन्द्र का आरोप है कि फरार आरोपी कृष्णकांत गर्ग सहित अन्य उसके ऊपर राजीनामा का दबाव बना रहे हैं और उसे आए दिन धमकियां मिल रही हैं। जीतेन्द्र पिछले कई दिनों से पुलिस के तमाम अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए भटक रहा है लेकिन अभी तक उसकी सुनवाई नहीं हुई है। इसी नाराजगी के चलते आज उसने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर आत्मदाह करने का प्रयास किया है। पीड़ित जीतेन्द्र मिश्रा का कहना है कि 5 अक्टूबर को आरोपी कृष्णकांत गर्ग, गनेश गर्ग और बल्लू मिश्रा, लवकुशनगर जेल में पदस्थ आरक्षक श्रीकांत तिवारी और जेलर अनिल पाठक के साथ मुलाकात करने पहुंचे थे, जिसका सीसीटीवी वीडियो उसके पास है। जीतेन्द्र के मुताबिक आरोपी कृष्णकांत गर्ग के ऊपर जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती, महिलाओं से छेड़छाड़ जैसे संगीन अपराध दर्ज हैं और पूर्व में उसके ऊपर , जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है, बावजूद इसके पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर रही है।

## 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलने वाले जनकल्याण अभियान के संबंध में बैठक सम्पन्न

**जनकल्याण अभियान में हितग्राहियों को शासकीय सेवाओं और योजनाओं का मिलेगा लाभ**

छतरपुर। 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलने वाले जनकल्याण अभियान के संबंध में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक छतरपुर ललिता यादव, विधायक महाराजपुर कामाख्या प्रताप सिंह, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं वार्ड लेवल में सर्वे कराकर शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी प्राथमिकता से कराया जाएगा। योजनाओं से वंचित कोई शेष न रहे इस प्रकार की योजना बनाई जाएगी। साथ ही अभियान में अलग-अलग विभागों से सम्बन्धित योजनाओं के हितलाभ और सेवाएं प्रदान की जाएगी। जिसमें आधार सुधार, समग्र ईकेवायसी, आयुष्मान कार्ड, राजस्व संबंधी आवेदन लिए जाएंगे। कैम्प का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा और हर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 8 से 9 कैम्प लगेंगे। अभियान में लगाए गए ड्यूटी रोस्टर जनप्रतिनिधियों को साझा किया गया। अभियान में अच्छा काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी की प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। अभियान का केंद्र एवं राज्य सरकार की शतप्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गई योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करना उद्देश्य है।

साथ ही दी जाने वाली अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से जनकल्याण अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि नोडल




अधिकारी संपर्क दलों के माध्यम से संभावित हितग्राहियों को सम्पर्क एवं चिन्हांकित कर आवेदन प्राप्त करेंगे और ग्राम पंचायतों व वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर तिथि एवं समय के पूर्व से रोस्टर तैयार कर प्रचारित किया जाएगा।

# शिक्षकों का कैंडल मार्च- एस. के. सक्सेना की हत्या के विरोध में उठी एकजुट आवाज



परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा, 10 दिसम्बर। वकस्वाहा में शिक्षकों ने 06 दिसम्बर 2024 को शासकीय उ.मा. विद्यालय घमौरा के प्राचार्य श्री एस. के. सक्सेना की निर्मम हत्या के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला। पी.एम. श्री कन्या हाई स्कूल से शुरू होकर यह मार्च बस स्टैंड होते हुए तहसीलदार परिसर तक पहुंचा। इस मार्च में वकस्वाहा ब्लॉक के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं और अतिथि शिक्षक शामिल हुए।

कैंडल मार्च का मुख्य उद्देश्य शिक्षक समुदाय का समर्थन और हत्या कांड के विरोध में प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करना था। शिक्षकों ने तहसीलदार श्री भरत पांडे और नगर निरीक्षक श्री कृपाल सिंह मार्को को ज्ञापन सौंपते हुए घटना के दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। सी.एम. राइज स्कूल के प्राचार्य आर. के. ताम्रकार ने कहा, 卐यह सिर्फ एक शिक्षक की हत्या नहीं है, बल्कि यह गुरू-शिष्य की परंपरा पर हमला है।卐 वहीं, कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य अरविंद तिवारी ने कहा, 卐हम इस घटना का विरोध करते हैं और चाहते हैं कि दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। ज्ञापन में शिक्षकों ने यह भी मांग की कि भविष्य में विद्यालयों में शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। इस कैंडल मार्च के माध्यम से शिक्षकों ने एकजुट होकर इस घृणित अपराध के खिलाफ अपनी आवाज उठाई।

# एक सप्ताह से पल्टा की हरिजन बस्ती में छाया है अंधेरा

## रहवासियों ने बताया कि ओव्हरलोड की वजह से खराब हुआ ट्रांसफार्मर

**प्रकाश मिश्रा/चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। गौरिहार विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम पल्टा की हरिजन बस्ती के रहवासी बीते एक सप्ताह से बिजली की समस्या से हलाकान बने हुए हैं।पल्टा निवासी युवा समाजसेवी अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में करीब दो दर्जन पीड़ितों ने गौरिहार जनपद मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में लिखित आवेदन देकर गौरिहार तहसीलदार व कनिष्ठ अधिकारी से समस्या निवारण की गुहार लगाई है।



पीड़ितजनों ने बताया कि गत करीब एक सप्ताह पूर्व हमारी हरिजन बस्ती मुहल्ले का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से बिद्युत की सप्लाई पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। जिसकी वजह से हम सभी मुहल्लेवासी खासे परेशान हैं।श्री तिवारी ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर सिर्फ हरिजन बस्ती के लिए विभाग द्वारा रखवाया गया था लेकिन स्थानीय कर्मचारियों द्वारा उस ट्रांसफार्मर से गाँव के अन्य भाग में भी विद्युत सप्लाई दे दी गई।जिसकी वजह से उस ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड पड़ गया और वो खराब हो खराब हो गया।पीड़ितों ने बताया कि इस बात की सूचना हम लोगों ने स्थानीय लाइन मैन सहित मिस्त्रीयो को तत्काल दे दी थी। लेकिन संबंधित जिम्मेदारों द्वारा आज दिनांक तक बिजली जैसी गंभीर समस्या को हल करना उचित नहीं समझा। विद्युत कर्मचारियों की इस घोर लापरवाही की वजह से हम पीड़ित ग्रामीण खासे परेशान हैं। ग्रामीण सदाशिव प्रजापति,विजय अनुरागी,संजय प्रजापति,चंद्रभान प्रजापति, अभिषेक अनुरागी,जीतेन्द्र कुमार अनुरागी, बबलू अनुरागी, अनिल प्रजापति, रघुराज, संदीप, किशन,सहित अन्य ने बताया कि रात के अँधेरे में विभिन्न जीव - जंतुओं का भय बना रहता है।इस समय छमाही पेपर चल रहे हैं,बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही फसलें भी सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार पर हैं। पीड़ितों ने बताया कि हम सभी को इसके अलावा मूलभूत सुविधाओं जैसे पिसना -पिरना (आटा -तेल )मोबाईल, चार्जर लाईट को चार्ज करने के लिए नजदीकी गाँवों में जाना पड़ता है।

# बकस्वाहा में स्वर्गीय पदमचंद जैन की पुण्यतिथि पर आयोजित 59वां निःशुल्क नेत्र शिविर



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा, 10 दिसम्बर। हर महीने की तरह इस बार भी संस्कार कंप्यूटर एवं कोचिंग सेंटर, बस स्टैंड बकस्वाहा पर उत्थान सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर स्वर्गीय श्री पदमचंद जैन निमानी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया, ताकि उनकी सामाजिक सेवा की भावना को श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके।

शिविर का उद्घाटन आयोजक संस्था के सदस्यों और संयोजक दौलत जैन, वीरेंद्र कुमार सिंघाई, भानु जैन, अमित जैन सोनू और उनके परिवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में 182 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान 60 लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इनमें से 44 मरीजों को स्वेच्छा से मोतियाबिंद के उपचार के लिए संस्था की बस द्वारा श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट भेजा गया।

इसके अलावा, पहले से उपचारित और परीक्षण कर चुके 53 लोगों को चश्मे का वितरण किया गया, साथ ही 60 लोगों को निःशुल्क दवाएं भी दी गईं। शिविर में उपस्थित सभी ने इस नेक पहल की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वकस्वाहा वन परिक्षेत्र अधिकारी लव प्रताप सिंह ने भी शिरकत की। उन्होंने इस समाजसेवी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित आयोजक समिति के सदस्य देवकीनंदन गंधर्व, महेंद्र साथी, कपिल तिवारी, गणेश प्रजापति, राजा तिवारी और संस्था के छात्र-छात्राओं ने नेत्र रोगियों की मदद हेतु अपनी पूरी तत्परता दिखाई। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर संस्थान द्वारा आयोजित 59वां शिविर था, और अगले माह इस आयोजन की 5वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। संस्था ने यह भी बताया कि हर माह की 10 तारीख को इस तरह के निःशुल्क शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को नेत्र परीक्षण और उपचार का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान सभी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए आयोजकों का धन्यवाद किया।

# प्रदेश के हर व्यक्ति को...

**प्रथम पृष्ठ का शेष-**

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, स्वास्थ्य सूचकांकों का अध्ययन, गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के विस्तार और बीमारियों के भौगोलिक वितरण के विश्लेषण पर गहन मंथन हुआ। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड बैंक प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र का अध्ययन कर मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिए सुझाव प्रस्तुत करेगा ताकि हर नागरिक को यूनिवर्सल और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें।

***गेटिंग हेल्थ रिफॉर्म राइट फ्रेमवर्क के तहत वर्ल्ड बैंक मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुधार के लिए अध्ययन कर देगा सुझाव***

वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि श्री अमित नागराज ने बताया कि गेटिंग हेल्थ रिफॉर्म राइट फ्रेमवर्क के तहत वर्ल्ड बैंक मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुधार के लिए एक समग्र और साक्ष्य-आधारित अध्ययन करेगा। यह अध्ययन प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र की मौजूदा चुनौतियों और अवसरों का विश्लेषण करेगा और यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सुधारात्मक कदम सुझाएगा। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य तंत्र को अधिक प्रभावी, सशक्त और समान बनाने के साथ-साथ प्रदेश के नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है।

वर्ल्ड बैंक प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए अपने कार्यों और सफल योजनाओं के आधार पर मध्यप्रदेश के लिए उपयुक्त और व्यावहारिक सिफारिशें देंगे। यह अध्ययन जनवरी 2025 से शुरू होगा और मार्च 2025 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट और कार्यान्वयन रोडमैप प्रस्तुत करेगा। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, ऐग्पा के एडिशनल सीईओ श्री लोकेश शर्मा, वर्ल्ड बैंक की हेल्थ स्पेशलिस्ट सुश्री जिज्ञासा शर्मा, श्री क्रिस एंडरसन और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला कोच में पुरुषों का कब्जा

## -बीना रेलवे जंक्शन से निकलने वाली कई ट्रेनों में महिलाओं के बजाय पुरुष यात्रा करते दिखाई देते हैं

## -दिव्यांग कोच में भी सामान्य यात्री कर रहे सफर; जंक्शन से निकलने वाली कई ट्रेनों में दिखा नजारा

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/महिला कोच में पुरुषों का कब्जा, उल्लेखनीय है कि बीना रेलवे जंक्शन से निकलने वाली कई ट्रेनों में महिलाओं के बजाय पुरुष यात्रा करते दिखाई देते हैं। दिव्यांग कोच में भी सामान्य यात्री कर रहे सफर; जंक्शन से निकलने वाली कई ट्रेनों में दिखा नजारा।रेलवे ने महिलाओं और दिव्यांगों के लिए लंबी दूरी की ट्रेनों में अलग से कोच की व्यवस्था की है।




लेकिन बीना रेलवे जंक्शन से निकलने वाली कई ट्रेनों में महिलाओं के बजाय पुरुष यात्रा करते दिखाई देते हैं। इन पर न तो ट्रेन में चल रहा रनिंग स्टाफ कोई कार्रवाई करता है और न ही आरपीएफ कोई कार्रवाई करती है।

***लंबी दूरी की ट्रेनों में दिखता है यह नजारा***

बीना रेलवे जंक्शन पर आने-जाने वाली कई ट्रेनों में महिला और दिव्यांगों के कोचों की स्थिति काफी खराब है। महिला कोच में कई बार महिलाओं के साथ पुरुष भी कोच में सवार हो जाते हैं। यही नजारा निशक्तजन के लिए लगाए गए कोच में देखने को मिलता है। यहां भी कई लोग दिव्यांग न होने के बाद भी कोच में सवार हो जाते हैं।

गौरतलब है कि स्टेशन से निकलने वाली झेलम एक्सप्रेस, पंजाब मेल एक्सप्रेस के महिला और दिव्यांगों के कोच में जाकर देखा तो इन कोचों में सामान्य पुरुष यात्री सवार थे। इंजन के पीछे लगे निशक्तजन के डिब्बे में सामान्यजन बिना किसी रोकटोक के सफर कर रहे थे। स्टेशन पर घूमने वाले आरपीएफ के जवान और रेलवे के अधिकारी कार्रवाई करना तो दूर, रोक-टोक भी नहीं करते हैं।

***यह है कार्रवाई का प्रावधान***

महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने वालों के खिलाफ भले ही रेलवे ने सख्त नियम बनाया हो। लेकिन इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जहां महिला कोच में यात्रा करते पकड़े जाने पर रेलवे अधिनियम 162 और दिव्यांग कोच में यात्रा करने पर रेलवे एक्ट की धारा 155 के तहत कार्रवाई की जाती है। इसमें 500 रुपए जुर्माना और एक माह की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा कोर्ट दोनों सजा से दंडित कर सकता है।

***जांच कर कार्रवाई की जाएगी***

भोपाल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी नवल अग्रवाल ने बताया कि इस मामले की जांच कराई जाएगी और कार्रवाई भी की जाएगी।

***जनसंपर्क अधिकारी नवल अग्रवाल***

# सांसदों ने की रेल मंत्री से मुलाकात- नया रेल ट्रैक और ट्रेन की मांग का मिला आश्वासन



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। संसद सत्र के दौरान सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने दमोह सांसद राहुल सिंह, होशंगाबाद-नर्मदापुरम सांसद दर्शनसिंह और छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और क्षेत्र में वर्तमान रेल सुविधाओं से मंत्री जी को अवगत कराते हुए सांसदों ने दमोह, सागर, नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा से नागपुर नया ट्रैक बनाकर ट्रेन चलाने की मांग की ।

चर्चा के दौरान सांसदों ने इस प्रस्तावित रेल परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह ट्रैक क्षेत्रीय विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल यातायात सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही साथ यह ट्रैक क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क को मजबूत करेगा सांसदो से चर्चा उपरांत रेल मंत्री वैष्णव ने सांसदों की इस मांग को ध्यानपूर्वक सुना और इन मांगो पर सकारात्मक कार्रवाही करने का आश्वासन दिया।

सांसद डॉ. वानखेड़े ने सागर से बैंगलोर एवं मुम्बई ट्रेन सुविधा प्रांरभ कराने एवं कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों को पुनः चालू कराए जाने का रेल मंत्री से आग्रह भी किया ‌ मुलाकात के दौरान सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने पृथक से केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से निवेदन किया कि छात्र‌छात्राओं तथा आमजनों को सागर से बैंगलोर एवं मुम्बई जाने के लिए सीधी ट्रेन सुविधा का अभाव है, जिससे असुविधा होती है इसलिए, सागर से बैंगलोर एवं मुम्बई हेतु ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराने एवं कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों को पुनः चालू कराया जाए, जिसमें चार ट्रेनें जबलपुर अटारी श्याम सिंह एक्सप्रेस, जबलपुर कोटा डेली एक्सप्रेस, जबलपुर खजुराहो त्रि-साप्ताहिक ओवरनाइट एक्सप्रेस और जबलपुर इंदौर त्रि-साप्ताहिक इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल है। इसके अलावा इस रूट की अन्य ट्रेन भी कोरोना काल से बंद है, जिनमें द्वि साप्ताहिक दुर्ग निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, दुर्ग फिरोजपुर साप्ताहिक अंत्योदय एक्सप्रेस, बिलासपुर बीकानेर द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस, चिरमिरी सागर डेली पैसेंजर को पुनः चालू कराने का ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया ।

# प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार कुन्डू ने तीन आरोपियों को तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई

**एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने फरियादी को 6 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया**




परिहार गर्जना न्यूज। बीन/प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार कुन्डू ने तीन आरोपियों को तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने फरियादी को 6 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया। मिली जानकारी के अनुसार शराब पीने रुपए मांगने और मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार कुन्डू ने तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने फरियादी को 6 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया है।

शासन की ओर से पैरवी करने वाले अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि घटना 24 अप्रैल 2019 की है। फरियादी गणेश वार्ड निवासी संजय जैन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शाम 6.30 बजे वह घर पर था। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले नवीन जैन, जम्मू उर्फ आशीष राय, बिट्टू उर्फ प्रिंस जैन दो अन्य लोगों के साथ आए और शराब पीने रुपए मांगने लगे पैसे देने से मना करने पर चारों ने लाठियों से मारपीट कर कर दी, जिससे उसे हाथ,पैर व सिर में चोटें आई थीं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में पांच वर्ष चली सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष द्वारा 2 बचाव साक्षी प्रस्तुत किए, लेकिन न्यायालय ने साक्ष्य को महत्व नहीं दिया। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता द्वारा आरोपीगणों के विरूद्ध प्रस्तुत किए गवाहों, साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने आरोपियों को दोषी पाते हुए, प्रत्येक को तीन-तीन साल के सश्रम कारावास और 1-1 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके साथ ही न्यायालय ने फरियादी संजय जैन को 6 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया है।

## जिला क्षत्रिय महासभा ने 22 दिसंबर को सागर में क्षत्रिय युवा सम्मेलन बुलाया संरक्षक मंडल का विस्तार किया

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जिला क्षत्रिय महासभा सागर ने आगामी 22 दिसंबर, रविवार को सागर में क्षत्रिय युवा सम्मेलन का आयोजन किया है। महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने समाज के वरिष्ठजनों की सहमति से संरक्षक मंडल का विस्तार करते हुए दस नये सदस्यों को संरक्षक मंडल में शामिल किया है। जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा और क्षत्रिय महासभा युवा अध्यक्ष राहुल सिंह चौरा ने बताया है कि संपूर्ण सागर जिले की क्षत्रिय समाज के युवाओं का विशाल सम्मेलन 22 दिसंबर को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में युवाओं से देश के इतिहास में महापुरुषों का योगदान एवं भारत की धर्म और संस्कृति पर भी चर्चा की जाएगी। जिले के सभी क्षत्रिय युवाओं से शामिल होने का आह्वान महासभा अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा व युवा महासभा अध्यक्ष राहुल सिंह चौरा ने किया है।

# हेडगेवार जी ने सही बोला है कि हिन्दू संस्कृति को बढ़ाने से देश भी आगे बढ़ जाएगा: अविराज सिंह

**मालथौन के समसपुर में 14 लाख के विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण**




परिहार गर्जना न्यूज। मालथौन। मंगलवार को भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने मालथौन के ग्राम संजरा व समसपुर में दो विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम संजरा में 9 लाख रूपये की लागत के आंगनवाडी भवन और 5 लाख रूपये लागत से समसपुर में सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर क्षेत्र को सौगात दी। इसके पश्चात युवा नेता अविराज सिंह ग्राम लिधोरा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, 2008 में जब आपके भूपेन्द्र भैया ने पहली बार अपनी विधानसभा से चुनाव लड़ा तो उन्हे चुनाव में बहुमत नहीं मिला लेकिन उन्होंने उसी समय संकल्प लिया कि जीवन का क्षण-क्षण शरीर का कण-कण खुरई विधानसभा को समर्पित कर दूंगा। उसी परिश्रम का परिणाम है कि 2013 में हमने विजय प्राप्त की, 2018 में और 2023 में पुनः आप लोगों प्यार से मध्यप्रदेश की विधानसभा में पहुँचे। उन्होंने कहा कि ऐसे नेता आपको भूपेन्द्र भैया के रूप में मिले है, जिनकी मेहनत से आज खुरई विकास में नंबर वन है और विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता है। यहां सभी लोग एक समान है।

विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समस्त पंचायतो में लगभग 2 करोड़ 15 लाख के विकास कार्य हो चुके है, ग्राम संजरा में 1 करोड 81 लाख के विकास कार्य, एम्बुलेंस की सुविधा, अनेक जरूरतमंदों के मोतियाबिंद ऑपरेशन, 3 जरूरतमंदों को बैटरी चलित गाड़ी मिल चुकी है, लगभग 1000 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरण की गई। 32 हितग्राहियों को निः शुल्क साईकिल वितरण, पीएम ग्रामीण विकास योजना के तहत लगभग 20 लोगों को लाभ मिल चुका है, लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ 20 महिलाओं को मिल चुका है, ग्रामीण आवास योजना सहित लाड़ली बहना के तहत भी लगभग 200 हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है।

उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में जनसेवा जो है वो मनुष्य धर्म है, मानव धर्म है। और मेरा मानना है कि जो मुनष्य धर्म है जो मानव धर्म हैं वहीं सत्य सनातन धर्म है। उन्होंने कहा कि जब भी मैं किसी सभा को संबोधित करता हूँ तो सनातन धर्म की बात करता हूँ। डॉ. केशव बलिराम हेडकेवार ने कहा था कि हिन्दू संस्कृति भारत की धड़कन है, अगर हिन्दू संस्कृति को आगे बढ़ाया जाय तो भारत देश भी अपने आप बढ़ जायगा। उन्होने लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने जीवन में बच्चों को या स्वयं को सेना से जोड़िये और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से भी जुड़िये, क्योंकि सेना और संघ केवल भारत माता की जय चाहते है।


## मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने रसोई संचालन का निरीक्षण किया

परिहार गर्जना न्यूज। खुरई। कलेक्टर महोदय जिला सागर संदीप जी.आर के निर्देश पर खुरई तहसीलदार यशोवर्धन सिंह,महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी विजय कोरी,फूड इंस्पेक्टर के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने रसोई संचालन का निरीक्षण किया उपस्थित स्टाफ से चर्चा की एवं रजिस्टरों की जांच करते हुए सफाई व्यवस्था,किचन व्यवस्था,स्टॉक आदि के बारे में जानकारी ली रसोई प्रभारी अतुल तिवारी,अशोक पटेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए,शुद्धता,सफाई एवं नियमित संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया! दरअसल डेढ़ वर्ष पहले पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक महोदय भूपेन्द्र सिंह ने नगर पालिका परिषद खुरई क्षेत्र में दीन दयाल रसोई का संचालन शुरू किया था जिसके तहत् यात्रियों,मजदूरों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए शुद्ध शाकाहारी भोजन मात्र पांच रुपए में उपलब्ध कराया जाता है,प्रतिदिन लगभग 90 से 100 जरूरतमंद व्यक्तियों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाया है, जिसका संचालन नगर पालिका परिषद खुरई की देखरेख में किया जाता है,उक्त रसोई के संचालन से संबंधित निरीक्षण हेतु एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर निरीक्षण किया गया तहसीलदार महोदय यशोवर्धन सिंह ने आज परियोजना अधिकारी के साथ निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए!



### वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के नेतृत्व में चली मुहिम–

# बेजा अतिक्रमण करने वालों पर कसा शिकंजा, जेसीबी मशीन की गई जप्त




**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। वन विभाग टीम की बढ़ती सक्रियता और की जा रही तूफानी कार्रवाई के चलते शासन की बेशकीमती जमीन को दबंगों और अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। इतना ही नहीं अब तक कई लकड़ी चोरी करने वालों एवं अवैध उत्खनन करने वालों पर भी शिकंजा कसा गया है। वन अधिकारियों की मुहिम रंग ला रही है। बीते रोज वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक जेबीसी मशीन जप्त की है। बताया गया है कि बीते रोज 09 दिसम्बर 2024 की शाम लगभग 06= 30 बजे पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक जेसीबी मशीन से लिधौरा गांव के पास के वन क्षेत्र में जंगल से वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा अवैध अतिक्रमण करके खेत और उसकी मेढ़ बनवाई जा रही है। मुखबिर से मिली सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के द्वारा तत्काल वन अमले और लिधौरा पुलिस बल का सहयोग लेते हुए मौके पर दल को भेजा गया, तो वन अमले ने मौके पर जाकर देखा कि कुछ लोग वन परिक्षेत्र जतारा की बीट लिधौरा के वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी–245 ए में अवैध अतिक्रमण करने के उद्देश्य से जेसीबी मशीन से वन क्षेत्र में सतगुंआ के नजदीक नरकुआ हार के जंगल में खेत और मेढ़ बना रहे हैं। बताया गया है कि तब वन अमले और पुलिस अमले के द्वारा वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और अवैध उत्खनन के जुर्म में एक पीले रंग की जेसीबी मशीन जप्त करके सीधा जतारा परिक्षेत्र परिसर में सुरक्षित रखा गया। जेसीबी मशीन जप्त करते हुए अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनयम 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत् नामजद वन अपराध प्रकरण क्रमांक 268/11 दिनांक 09 दिसम्बर 2024 दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु विवेचना में लिया गया। उक्त जप्ती की कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक छतरपुर, वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ एवं उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में की गई। उक्त कार्यवाही में 100 डायल पुलिस बल लिधौरा के साथ-साथ वन परिक्षेत्र जतारा के वन अमले के रूप में कार्यवाहक वन क्षेत्रपाल राम कुमार वर्मा, केशरी सिंह घोष डिप्टी रेंजर, अश्वनी कुमार मिश्रा डिप्टी रेंजर, रियाजउद्दीन काजी वनपाल, राजेश, विक्रम सिंह वनपाल, चउदे प्रसाद वनपाल, ओम प्रकाश रैकवार वनपाल, शिवम पटेल वन रक्षक, प्रमोद अहिरवार वन रक्षक, विवेक वंशकार वन रक्षक, धीरज सोनी वन रक्षक, ललित राय वन रक्षक, अमन प्रजापति वन रक्षक के नाम शामिल हैं। इसके अलावा कार्रवाई के दौरान विकाश बाबू वर्मा वन रक्षक, प्रेम नारायण अहिरवार वन रक्षक, जयराम अहिरवार वन रक्षक, पुष्पेंद्र बुंदेला वन रक्षक, शिव शंकर अहिरवार वन रक्षक, लखन कुशवाहा वन रक्षक, दिनेश रजक वन रक्षक, जय प्रकाश यादव वन रक्षक, यासीन खान वन रक्षक, अजय सैनी वन रक्षक, अनिल जैन वन रक्षक, राज कुमार अहिरवार वन रक्षक, जालम प्रजापति वनपाल, अशोक वर्मा वन रक्षक, संजय दीक्षित वन रक्षक, राहुल वर्मा वन रक्षक, सूर्य प्रताप सिंह वन रक्षक, अनिल द्विवेदी स्थाई कर्मी, आजाद खान स्थाई कर्मी एवं वाहन चालक शहीद खान और समिति सदस्य इत्यादि उपस्थित रहे।

# गरीबों के दर्द को समझने वाला ही सच्चा इंसान- डॉ विकास जैन

### मानवीय संवेदना समिति ने बांटे शिशुवती महिलाओं को कंबल



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। गरीबों के दुख-दर्द को समझने वाला ही सच्चा इंसान होता है। लोगों पर अन्याय और अत्याचार करने तथा सामाजिक कुरीतियों को अपनाना किसी पाप से कम नहीं है। समाज सेवा से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं होता। गरीबों की मदद करना ही सबसे पुनीत कार्य है। सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को मानवीय संवेदना समिति हर वर्ष जो कंबल वितरित करती है। वह निश्चित ही सराहनीय कार्य है। लोगों को समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मजबूर और लाचार व्यक्तियों के मुरझाए चेहरों पर मुस्कान लाना ही नारायण पूजा से कम नहीं है। यह विचार कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान डां विकास जैन ने व्यक्त किए। जिला चिकित्सालय स्थित प्रसव वार्ड में अनेक डॉक्टर और कर्मचारियों की मौजूदगी में शिशुवती महिलाओं को मानवीय संवेदना समिति द्वारा कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश गुप्ता ने कहा कि सर्दियों के मौसम में जिला चिकित्सालय में ऐसी अनेक गरीब महिलाएं आती हैं, जो गर्म कपड़ों के अभाव में ठंड से ठिठुरती रहती हैं। इन दिनों कुछ ऐसी ही महिलाएं अस्पताल में भर्ती हैं, ऐसे में स्वास्थ्य महिला कर्मचारी श्रीमती सरिता द्वारा समिति के सचिव मनीराम कठैल से संपर्क कर महिलाओं की मदद के लिए आग्रह किया गया। समिति सचिव श्री कठैल ने तत्काल समिति सदस्यों के साथ उनको कंबल उपलब्ध कराए, जिससे महिलाओं को काफ ी राहत मिलेगी। कंबल वितरित करते हुए समिति सचिव श्री कठैल ने महिला कर्मचारी श्रीमती सरिता की संवेदनाओं की तारीफ की और कहा कि अन्य कर्मचारियों को भी गरीबों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। समिति द्वारा यह अभियान आगे भी चलाया जाएगा। इस अवसर पर कैलाश नारायण श्रीवास्तव सहित अनेक स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### तापमान में हुई गिरावट के कारण–

## आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय हुआ परिवर्तित

टीकमगढ़। मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार वर्तमान समय में शीतकालीन मौसम में तापमान में हुई गिरावट के कारण आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये आंगनवाड़ी केन्द्र के संचालन का समय प्रात= 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक परिवर्तित किया गया है। तदनुसार आंगनवाड़ी केन्द्र खुलने का समय प्रात= 10 बजे, बच्चों के नास्ता का समय प्रात= 11 बजे, भोजन का समय दोपहर एक बजे, बच्चों की आंगनवाड़ी केन्द्र से छुट्टी का समय दोपहर 2 बजे निर्धारित किया गया है। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गृहभेंट, अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियां पूर्ववत रहेंगी।

# शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का मौके पर हुआ त्वरित निराकरण

### जिला, अनुभाग एवं सभी थानों में लगाए जन सुनवाई शिविर



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मंगलवार को आज जिले के अधिकांश थाना क्षेत्रों में लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निराकरण किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित शिविरों के दौरान बढ़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर शिविर का लाभ उठाया। बताया गया है कि जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा आज 10 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम अंतर्गत शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनी गई। इसके साथ ही त्वरित समाधान हेतु संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया । इसी क्रम में जिले के टीकमगढ़ एवं जतारा अनुभाग में अनु विभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा एवं समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना और चौकी पर जनसुनवाई शिविर लगाए गए। इन शिविरों में सीएम हेल्प लाइन शिकायतकर्ताओं सहित आमजन की शिकायतें सुनी गई एवं उनके संतुष्टिपूर्वक निराकरण का प्रयास किया गया ।बताया गया है कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा लगातार आवेदकों की समस्याओं के समाधान हेतु जन सुनवाई शिविर एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# गैर सरकारी स्कूलों के बदलते हालात, लूट का सिलसिला जारी

### नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ करते शिक्षक , पढ़ाई चौपट

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शिक्षा के स्वरूप को बदलकर व्यवसायिक चोला पहनाए जाने से एक ओर शिक्षा माफियाओ की चांदी कट रही है, तो वहीं मंहगी होती शिक्षा व्यवस्थाओं को लेकर अभिभावकों में नाराजगी होना लाजमी है। इन दिनों बच्चों को बेहतर शिक्षा के नाम पर जिस तरह से डाका डाला जा रहा है, वह सभी के लिए इ्क्षचता का विषय है। शहर के स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति प्रशासन की लापरवाही साफ नजर आती है। कई स्कूलों में बच्चों को घर से लाने और ले जाने के लिए स्कूल प्रबंधन ने कोई व्यवस्था नहीं की है। समाजसेवी मनोज जैन ने बताया कि अभिभावकों को मजबूरी में निजी टैक्सी, वैन और ई-रिक्शा का सहारा लेना पड़ता है, जो अक्सर क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर चलते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि शिक्षा की कमान सम्हालने वाले अफसर ही अपनी जिम्मेदारी से किनारा कर निजी स्वार्थों की पूर्ति करने में लगे हुए हैं। इस गैर सरकारी स्कूलों में बढ़ती मनमानी एवं लूट खसोट को लेकर अधिकारियों की मौन स्वीकृति ने लोगों में असंतोष ला दिया है। अधिकारियों को चाहिए कि वह ईमानदारी से कार्रवाई करते हुए व्यापार का रूप लेते जा रहे शिक्षण कार्यों में बदलाव की दिशा में ठोस पहल करें।



***वसूली जा रही मोटी फ ीस–***

नगर के अशासकीय विद्यालयों में खासतौर पर पुष्पा हाई स्कूल, डिफ ेडिल, एंजेल एवोड, संस्कार इंग्लिश मीडियम और सरोज कॉन्वेंट जैसे कई स्कूलों में पढने वाले बच्चों को असुरक्षित तरीके से स्कूल पहुंचाया जा रहा है। अभिभावक लक्ष्मी बिदुआ ने बताया कि सरकारी और निजी स्कूल बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। प्राइवेट स्कूल मोटी फीस तो वसूल रहे हैं, लेकिन बच्चों को सुरक्षित परिवहन मुहैया कराने में पूरी तरह विफल हैं।

***वाहन चालकों की मनमानी जारी–***

अधिकांश स्कूलों के पास खुद के वाहन नहीं हैं। प्राइवेट टैक्सियोंए वैन और ई-रिक्शा के जरिए बच्चों को स्कूल तक पहुंचाया जाता है। टैक्सी चालक ज्यादा कमाई के चक्कर में क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर स्कूल और घर तक पहुंचाते हैं।

***संख्या से अधिक भरे जा रहे बच्चे***

अयोध्यापुरी कॉलोनी निवासी उमाशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि कई टैक्सियों में 15 से 20 बच्चों को बैठाया जा रहा है। ऐसे वाहनों के खिलाफ परिवहन और पुलिस विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

***इनका कहना है***

स्कूल वाहनों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही एक विशेष अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की जांच की जाएगी।

***श्री कटरे यातायात प्रभारी, टीकमगढ़***

# जिले में पर्यटन गतिविधि के प्रोत्साहन के लिए हो हरसंभव प्रयास: कलेक्टर

## जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की हुई बैठक



ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि पन्ना जिले के ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक महत्व वाले स्थानों पर पर्यटन गतिविधि के प्रोत्साहन के लिए हरसंभव प्रयास आवश्यक है। जिले को पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए प्रारंभिक चरण में सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं। भविष्य में पर्यटन क्षेत्र की विस्तार संभावनाओं का आकलन कर निर्धारित कार्ययोजना पर कार्य किया जाए। जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को संपन्न हुई जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की कार्यकारिणी समिति की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम संजय नागवंशी, सीएमओ शशिकपूर गढपाले, आबकारी उप निरीक्षक मुकेश पाण्डेय, पर्यटन निगम के उप यंत्री विवेक चौबे सहित रामपथ गमन सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन मिश्रा एवं अन्य अशासकीय सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक में पर्यटन विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने सहित स्थानीय स्तर पर रोजगार और अन्य विषयों पर उपस्थितजनों के सुझाव पर जरूरी निर्णय भी लिए गए। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बृहस्पति कुण्ड सहित सिद्धनाथ मंदिर, हनुमान भाटा, चौमुखनाथ इत्यादि स्थानों पर पर्यटन विभाग द्वारा संचालित पूर्ण व प्रचलित कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री कुमार ने बृहस्पति कुण्ड स्थल पर ग्लास ब्रिज के निर्माण के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए। यहां विकसित की गई सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन निगम से हैण्डओवर के पश्चात व्यू प्वाइंट, कैफेटेरिया, वाहन पार्किंग इत्यादि व्यवस्थाओं के संचालन का निर्धारित शर्त अनुसार चयनित एजेंसी को जिम्मा सौंपने के निर्देश दिए। हैण्डओवर एवं संचालन समिति में लोक निर्माण विभाग, विद्युत कम्पनी एवं पर्यटन निगम के अधिकारी सहित जनपद पंचायत पन्ना के सीईओ एवं सहायक यंत्री को शामिल करने के लिए कहा। बैठक में संचालन की इच्छुक पंजीकृत संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित करने पर चर्चा हुई। साथ ही बृहस्पति कुण्ड परिसर भ्रमण के लिए 10 रूपए एवं तीन घंटे के लिए 20 रूपए चार पहिया वाहन पार्किंग शुल्क निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संचालनकर्ता एजेंसी द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट एवं पेड़ पौधों की सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के दायित्व के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सिद्धनाथ मंदिर परिसर में स्थापित धर्मशाला के उपयोग एवं मंगल भवन में केवल धार्मिक कार्यक्रम आयोजन के लिए भी शुल्क निर्धारित किया गया। केयरटेकर व सफाई व्यवस्था तथा सार्वजनिक शौचालय के निर्माण उपरांत विधिवत संचालन व संधारण का जिम्मा मंदिर समिति को सौंपने के निर्देश दिए गए। यहां धार्मिक आयोजन के लिए प्रतिदिन का शुल्क 500 रूपए निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। हनुमान भाटा में भी पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित अधोसंरचना कार्यों की जानकारी ली गई। बैठक में वर्ष 2025 के पर्यटन कैलेण्डर निर्माण के लिए निर्धारित थीम पर तथा चौमुखनाथ प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई। पर्यटन स्थलों के पहुंचमार्ग एवं चिन्हित स्थानों पर व्यवस्थित तरीके से संकेतक लगवाने, महिला पर्यटकों की सुरक्षा, पन्ना नगर में पहाड़कोठी पर नगर वन की स्थापना, यादवेन्द्र क्लब की साफ-सफाई सहित सार्वजनिक स्थानों पर पन्ना के पर्यटन स्थलों की जानकारी साझा करने की व्यवस्था और मैहर, चित्रकूट, खजुराहो, ओरछा इत्यादि पर्यटन स्थानों पर भी विभिन्न माध्यमों से पन्ना के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार सहित जिले की धरोहरों के बारे में वेबसाइट, ब्रोशर, कॉफी टेबल बुक इत्यादि के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करने की बात कही। इसके अलावा मड़ला में मूलभूत सुविधाओं के विकास, जिले की कला एवं संस्कृति धरोहर के संरक्षण पर भी सदस्यों के साथ संवाद किया गया। इसके अलावा पन्ना टाइगर रिजर्व की गत सलाहकार समिति की बैठक में हुई चर्चानुसार नेशनल पार्क के मड़ला गेट के जिप्सी संचालकों द्वारा पर्यटक भ्रमण पर ग्राम पंचायत मड़ला को प्रति दिवस 50 रूपए का निर्धारित शुल्क भुगतान करने पर भी सहमति बनी। इस राशि का उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट पर किया जाएगा।

# श्री कृष्णाजन्मोत्सव में जमकर झूमे उपस्थित श्रोता

## नटके हनुमान जी मंदिर में चल रहीं श्रीमद् भागवत कथा

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना नगर के आगरा मोहल्ला स्थित श्री नटके हनुमान मंदिर परिषर मे श्रीमद् भागवत कथा संगीतमय रूप से चल रहीं है। जिसमें चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा संपन्न हुई। इस दौरान उपस्थित श्रोता जमकर नाचे तथा झूमें एवं भगवान जय कन्हैया लाल के गुंजायमान से पंडाल गुंज गया, ज्ञात हो कि आगरा मोहल्ला स्थित नटके हनुमान जी मंदिर परिषर में रैकवार परिवार तीरथ, नीरज, धीरज द्वारा अपनी माता श्रीमती पार्वती रैकवार को चारों धाम तीर्थ यात्रा पूर्ण करने के उपलक्ष्य मे श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया है।



श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में पन्ना धाम से पधारे कथाव्यास राजेश त्रिपाठी महाराज द्वारा बड़े ही मार्मिक ढंग से कथा का वाचन किया जा रहा है। जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो रहें है। इस दौरान श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। कथा का पूजन पंडित आचार्य के द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया।

# कन्या हाई स्कूल गुनौर में मनाया गया मेगा अपार दिवस



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पी एम श्री शा कन्या हाई स्कूल गुनौर में छात्राओं की आपार आईडी बनाई गई तथा इस दौरान अभिभावको की उपस्थिती में मेगा अपार दिवस मनाया गया तथा अभिभावकों एंव छात्राओं को विभिन्न प्रकार की जानकारीयों से अवगत कराया गया है। प्रभारी प्राचार्य अरविन्द्र द्विवेदी ने कहा कि कन्या हाई स्कूल गुनौर की शैक्षणिक व्यवस्था हमेशा अव्वल रहीं है, जिसमें सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं को महत्वपूर्ण भूमिका है, आंगे भी हमारा यही प्रयास है, कन्या हाई स्कूल गुनौर हर क्षेत्र में अव्वल है। इस दौरान विद्यालय का स्टाप उपस्थित रहा।

# आदिवासियों के साथ लगातार हो रहे अत्याचार को लेकर सर्व आदिवासी समाज एकलव्य सेना ने सौंपा ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रदेश में आदिवासीयों के साथ लगातार मारपीट लूटपाट हत्या सहित अन्य प्रार की घटनाए घटित हो रहीं है, एवं आदिवासीयों को प्रताडित किया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा आरोपीयों पर गंभीर कार्यवाही नहीं की जा रहीं है, जिससे आदिवासी वर्ग अपने आप को असुरक्षित महशूस कर रहा है, उक्त तमाम मुद्दो को लेकर सर्व आदिवासी समाज पन्ना द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। जिसमें उल्लेख किया गया कि आदिवासी नेता राजबहादुर सिंह निवासी पाटन जिला छतरपुर जो बिजावर से वापिस अपने घर जा रहे थे, उनके साथ दबंगो द्वारा मारपीट की गई, समान लूट लिया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा संबंधित थाना मे की गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। जिससे उक्त समाज अपने आप को अपेक्षित महशुस कर रही है। संगठन द्वारा इस प्रकार की घटनाओं को रोकने की मांग करते हुए दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया है। ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष देबू गोड़, जयराम यादव, राम प्रसाद वर्मा, अभीसेक चौरसिया, रवीन्द्र गोड़, दिलीप अहिरवार, प्रकाश साहू, मिट्ठू लाल गोड़, संजू गोड़, अमित गोड़, लक्ष्मीकांत, रवेन्द्र, नरेश, लखन केवट, बृजेन्द्र यादव, राम करण यादव, माता प्रसाद आदि।



# विभिन्न मांगो को लेकर कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से की मुलाकात

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश के कर्मचारी संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौपकर कर्मचारी संघ के मांगो को पूरा करने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में संयुक्त कर्मचारी मोर्चा संघ के अध्यक्ष कृष्णपाल यादव ने बताया कि, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव नें कर्मचारियों की मांगो को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है तथा कहा है कि सभी कर्मचारी सरकार के अंग है, तथा मध्य प्रदेश के विकास में आप लोगो का भारी योगदान है, इस लिए आप की मांगे पूर्ण की जायेगी। उन्होने उल्लेख किया कि प्रदेश के मुखिया मोहन यादव नें एक वर्ष के दौरान अनेक जनता के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए है। इस लिए हम सभी कर्मचारीयां को भी उन पर पूरा विश्वास है। इनमें महिलाओं को सिविल सेवाओं में 35 प्रतिश आरक्षण का प्रावधान किया, राज्य परिवहन निगम की बहाली, तथा 1 लाख नई नौकरियों की घोषणा जैसे फैसले प्रमुख हैं। जल विवाद का समाधान पिछले 20 सालों से लंबित मध्य प्रदेश और राजस्थान के जल विवाद को सुलझाकर मोहन यादव ने दिखा दिया कि सशक्त नेतृत्व से असंभव दिखने वाली समस्याओं को भी हल किया जा सकता है। पार्वती, कालीसिंध, और चंबल नदी की लिंकिंग परियोजना के जरिए 11 जिलों को लाभ मिलेगा और 2094 गांवों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। निवेश और औद्योगिक विकास पर फोकस प्रदेश में निवेश लाने के लिए आयोजित क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलनों में जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, और सागर जैसे शहरों में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। विदेश दौरों के दौरान भी मुख्यमंत्री ने 60,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सुनिश्चित किए। इसके अलावा भी डॉक्टर मोहन यादव ने जनहित में अनेक फैसले लिये है। जिसकी हम कर्मचारी संगठन सराहना करते है, तथा उनका स्वागत करते है।



# अमानगंज में सामुहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह संपन्न


## दो सौ सैतिस बेटियों के विवाह हुए संपन्न

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील अमानगंज के ग्राम हिनोती कृषी उपज मंडी प्रांगण में संपन्न हुए। जिसमें 237 जोडो के विवाह संपन्न हुए। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इस दौरान उन्होने सभी जोड़ो को आशीर्वाद देते हुए सरकार द्वारा दी जाने वाली सामग्री प्रदान की तथा सभी को आशीर्वाद देते हुए शुभ कामनाए दी। इस दौरान उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा यह महत्वपूर्ण योजना इस लिए चलाई गई कि किसी भी बाप के लिए बेटी बोझ न हों उसकी शादी का सारा खर्चा सरकार उठा रहीं है। सामग्री के साथ साथ कुल राशि 50 हजार सरकार द्वारा दी जा रही है। उक्त कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा डब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मीना राजे, नगर परिषद अध्यक्ष गुनौर अर्चना मलखान सिंह, उपाध्यक्ष चन्दन सपेरा, मलखान सिंह राजपूत, पुष्पराज सिंह संजय तिवारी, दशरथ गुप्ता, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# शाइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल में कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों से स्वच्छता पर किया संवाद



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 10 दिसम्बर। दमोह शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर नगर के प्रत्येक विद्यालय पहुंचकर निरंतर स्वच्छता पर संवाद कर रहे है। इसी कड़ी में आज बालाकोट रोड स्थित शाइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर श्री कोचर ने अपनी बात रखते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता पर जागरूक रहने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों से कहा आने वाले समय में बिजली, पानी एवं पर्यावरण के प्रति हमें सजग रहने की आवश्यकता है, आने वाले 10-15 साल बाद वातावरण इतना प्रदूषित हो जायेगा, जिसमें सांस लेना मुश्किल होगा, पीने के पानी की किल्लत होगी। उन्होंने कहा सभी विद्यार्थी व्यर्थ बिजली के उपयोग के प्रति सावधान रहें, किसी भी खाली कमरे में यदि कोई बिजली का बल्ब जल रहा है या पंखा चल रहा है तो उसे तुरंत बंद किया जाना चाहिये। इसी तरह घर में या स्कूल में किसी नल से यदि फालतू पानी बह रहा हो तो उसे बहने से रोकना चाहिये, नल तुरंत बंद कर देना चाहिये। इसके साथ ही जब भी आप बाजार सब्जियां या कुछ सामान लेने जाएं तो दुकान वाले से कहें 卐भैया पॉलिथीन मत दो卐 अपने साथ कपड़े का कैरी बैग लेकर ही जायें।

कलेक्टर श्री कोचर ने छात्र-छात्राओं से कहा अपने-अपने घरों में यह बतायें कि कचरा गाड़ी में गीले, सूखे कचरे को अलग-अलग डालने की आदत डालें, ताकि हम जैविक पदार्थ से बने कचरे को पृथक करके उसे कंपोस्ट में बदल सकें तथा प्लास्टिक कचरे का रीसाईकल किया जा सके।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा शहर को स्वच्छ बनाने में उन्होंने विद्यार्थियों के सहयोग की अपेक्षा की। सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय ने जैविक पदार्थ से कंपोस्ट का निर्माण कैसे होता है, इस विषय पर सूक्ष्म जीवों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य समीक्षा बजाज ने इस तरह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जनसुनवाई में 184 आवेदनों, 16 पुनरावृत्ति और 15 कर्मचारियों के आवेदनों पर हुई जन सुनवाई

## 06 आधार कार्ड, 08 आयुष्मान कार्ड, 05 पी.एम. सम्मान एवं 150 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जाँच की गई

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ≈ 10 दिसम्बर। आज जिले भर से आये नागरिकों ने जनसुनवाई में अपनी समस्याएं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखी, इस दौरान 16 पुनरावृत्ति आवेदन, 15 कर्मचारियों के आवेदन और सामान्य जनसुवाई में 184 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 06 आधार कार्ड, 08 आयुष्मान कार्ड, 05 पी.एम. सम्मान एवं 150 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जाँच की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह ठाकुर और लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



# युवा संगम का आयोजन प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को

दमोह ≈ 10 दिसम्बर। जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने बताया म.प्र. शासन भोपाल के निर्देशानुसार कौशल विकास एवं रोजगार, सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम का आयोजन प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को आयोजित किया जाना है, जिसमें रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रिन्टस मेले के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओ को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेगें। जिसमें युवा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कौशल विकास एवं रोजगार विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

# रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला 24 दिसम्बर को

दमोह । मध्यप्रदेश शासन के कौशल, रोजगार विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन दमोह के मार्गदर्शन में प्राचार्य आई.टी.आई. एवं जिला उधोग एवं व्यापार केन्द्र दमोह के तत्तवाधान में 24 दिसम्बर 2024 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मारूताल (आई.टी.आई.) दमोह में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों एवं स्वारोजगार उपलब्ध प्रदान करने वाले विभागों द्वारा प्रात≈ 11.00 बजे से युवा संगम अंतर्गत रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी ने बताया रोजगार मेंले में संभावित कम्पनियों द्वारा सुपरबाईजर, अप्रेन्टिस, टीमलीडर, टेलीकालिंग, नेटवर्कर, मेनेजर, मशीन आपरेटर, सिक्युरिटी गार्ड के साथ-साथ, सेल्स एक्जीकेटिव अभिकर्ता, इत्यादि विभिन्न पदों पर भी सीधी भर्ती की जायेगी। जिनकी शैक्षणिक योग्यता 5वी, 10वी, 12वी, स्नातक, आई.टी.आई. फिटर, मेकनिक, टर्नर बेल्डर, मशीनिष्ट हो, वे अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं वायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है।

उन्होंने बताया इसके साथ ही जिला व्यापार उद्योग केन्द्र एवं स्वारोजगार प्रदान करने वाले विभिन्न विभागों द्वारा मेले में जानकारी प्रदान की जायेगी, इच्छुक आवेदक उपस्थित होने के पूर्व निर्धारित क्यू.आर. कोड से अपना रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करें।

# समर्थन मूल्य पर हुई 1 लाख 51 हजार 595 मीट्रिक टन धान की खरीदी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ≈ 10 दिसम्बर। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 9 हजार 554 किसानों से 1 लाख 51 हजार 595 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1245 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है।



धान की खरीदी जिला सिवनी में 1262, सिंगरौली 7270, सतना 22016, मैहर 6230, रीवा 24790, मऊगंज 6355, सीधी 5318, सागर 498, कटनी 19071, पन्ना 2317, डिंडोरी 69, दमोह 1453, मंडला 12109, छिंदवाड़ा 118, नरसिंहपुर 3486, जबलपुर 585, बालाघाट 14029, नर्मदापुरम 5750, बैतूल 3344, रायसेन 600, सीहोर 989, विदिशा 30, उमरिया 647, अनूपपुर 5286 और जिला शहडोल में 7971 मीट्रिक टन की जा चुकी है।

# जिला गौण खनिज मद से कराये गये मरम्मत कार्यो से संबंधित निर्माण एजेंसी सरपंच, सचिव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ≈ 10 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार आज जिला गौण खनिज मद से शासकीय स्कूल मरम्मत कार्य कराने के संबंध में निर्माण एजेंसी सरपंच/सचिव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष / सचिव शिक्षकों का प्रशिक्षण जिला शिक्षा केन्द्र के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में समस्त सरपंच/सचिवों एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष/सचिव शिक्षकों को स्वीकृत मरम्मत कार्य से संबंधित निर्देशों से अवगत कराया गया एवं प्राक्कलन अनुसार कार्य गुणवत्ता युक्त पूर्ण कराये जाने एवं निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण में कहा गया कार्यो को गुणवत्ता युक्त समय सीमा में पूर्ण कराया जाये। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया विकास खण्ड तेंदूखेडा अंतर्गत स्वीकृत 25 कार्य, विकास खण्ड हटा अंतर्गत स्वीकृत 18 कार्य, विकास खण्ड पटेरा अंतर्गत स्वीकृत 20 किये गये हैं। इस अवसर पर सहायक यंत्री हरिकृष्ण शुक्ला जिला शिक्षा केन्द्र दमोह एवं जिला शिक्षा केन्द्र के उपयंत्री कल्याण सिंह ठाकुर, अजित जैन, वृजेन्द्र परिहार एवं पवन कुमार जैन उपस्थित रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत समन्ना एवं आंगनबाड़ी केन्द्र 16 में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ≈ 10 दिसम्बर। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट के कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्टीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आंगनाड़ी केन्द्र क्र. 16 एवं ग्राम पंचायत समन्ना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



ग्राम पंचायत समन्ना में आयोजित शिविर में विशेष न्यायाधीश उदय सिंह मरावी ने ग्रामीण जनों को जानकारी देते हुए बताया कि मानवाधिकार व्यक्ति के वह अधिकार है जो अवसर की समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और व्यक्ति की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ होता है, इन मूल अधिकारों को मानवाधिकार कहा गया है। उक्त मानवाधिकारों के हनन होने से बचाव हेतु मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है जिसके समक्ष आवेदन कर हम मानवाधिकारों को संरक्षित कर सकते है। साथ ही उपस्थित ग्रामीणजन से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई तथा मिलजुल कर रहने की सलाह दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकरी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित ग्रामीणजन को शासन द्वारा आमजन के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, 15100 नि:शुल्क विधिक सहायता हेल्पलाईन एवं दिनांक 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के विषय में जानकारी दी गई। इसी तारतम्य में आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 16 जबलपुर नाका दमोह में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में व्यवहार न्यायाधीश तसलीम निजामी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को मानवाधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# हिंदू धर्म की पौराणिक कथाओं के अनुसार, गरुड़ को एक श्राप का करना पड़ा था सामना

## इसलिए यमुना मै चल रहे गरुण क्रूज का बदला नाम



आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा वृंदावन के घाटों के बीच क्रूज चलाने वाली मथुरा क्रूज लाइंस कंपनी ने क्रूज का नाम गरुड़ से बदलकर ब्रज रथ रख दिया है। हिंदू धर्म की पौराणिक कथाओं के अनुसार, गरुड़ को एक श्राप का सामना करना पड़ा था। इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने क्रूज का नाम बदलने के फैसला किया है।

कंपनी की प्रबंध निदेशक स्मृति शर्मा ने बताया कि हाल के दिनों में क्रूज गरुड़ को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। इन कठिनाइयों को अब पौराणिक कथाओं में वर्णित गरुड़ के श्राप से जोड़ा जा रहा है। कंपनी का मानना है कि नाम बदलने के बाद इन बाधाओं को दूर किया जा सकेगा और नई शुरुआत की जा सकेगी। यह बदलाव तब किया गया जब डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह अपने परिवार के साथ क्रूज की सवारी कर रहे थे। उन्होंने न केवल इस पहल की सराहना की, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए इस कदम को अनुकरणीय बताया।

कंपनी की प्रबंध निदेशक ने बताया कि ब्रज रथ क्रूज सेवा का उद्देश्य स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना और पर्यटकों को यमुना नदी के शांत वातावरण में भगवान कृष्ण की पवित्र भूमि का अनुभव कराना है। ब्रज रथ जल्द ही एक अनोखे आकर्षण के रूप में स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय होगा। यह कदम मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में पर्यटन और धार्मिक महत्व को और मजबूती प्रदान करेगा।

# संतों की कृपा से मिलता है जन्म मरण के बंधन से मुक्ति- पंकज

## जयगुरुदेव संस्था के अध्यक्ष ने भक्तों को किया संबोधित

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा बाईपास स्थित जयगुरुदेव आश्रम पर चल रहे वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला के तीसरे दिन संस्थाध्यक्ष पंकज महाराज ने कहा कि खुदा, प्रभु जब दुनिया के जीवों को अपने पास बुलाना चाहता है तो वह किसी संत फकीर के जरिये अपना भेद जाहिर करता है। संसार के परोपकारियों के कार्य से संसार रूपी जेलखाने में बंद जीवों को थोड़ा आराम जरूर मिलता है लेकिन वे जन्म-मरण के बन्धन से आजाद नहीं होते। जब संत महात्मा जैसे परोपकारी मिल जाते हैं जिनके पास नामधन की दौलत होती है। वे उस दौलत की बख्शीश जब जीवों को देते हैं तो जीव संसार रूपी जेल खाने से सदा के लिये आजाद हो जाता है और प्रभु में समा जाता है। जो संसार रूपी जेलखाने से निकलना चाहते हैं उनको संत सत्गुरु



की खोज कर नाम भेद प्राप्त करके उसकी कमाई करनी चाहिये। श्वांस श्वांस पर नाम का सुमिरन करते रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि गुरु का काम केवल दुनियाबी इच्छाओं को पूरा करना नहीं होता है, बल्कि सतलोक पहुंचाते हैं। उन्होंने आगाह करते हुये कहा कि इन्सानों का काम रूहों पर रहम करना है। सभी से अपील किया कि शाकाहार का प्रचार करते रहना है। इसी से देश दुनिया में भारी परिवर्तन आयेगा। मध्य रात्रि में पंकज महाराज के मन्दिर में पूजन के बाद श्रद्धालु कतारबद्ध होकर पूजन कर प्रसाद लेते हुये, दया, दुआ की याचना करते हुये देखे गये। पूजन व प्रसाद वितरण का कार्य निरन्तर 12 दिसम्बर तक चलता रहेगा। महाराज श्री ने आगामी होली कार्यक्रम 13 से 15 मार्च 2025 तक मथुरा में आयोजित किये जाने की घोषणा करते हुये लोगों को उसमें भाग लेने का निमन्त्रण दिया।

# नौगांव अनुभाग के थानों में हुई गुंडा बदमाशों की हुई परेड

## अपराधों से दूर रहने की दी गयी हिदायत

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन, अति0 पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के निर्देशन एवं एसडीओपी नौगाँव चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में अनुभाग नौगांव के थाना प्रभारी निरी0 सतीश सिंह,थाना प्रभारी नौगांव, निरी0 पुष्पक शर्मा, थाना प्रभारी हरपालपुर, निरी0 सुरभि शर्मा, थाना प्रभारी गढीमल्हारा, उनि0 डी0डी0 शाक्य, थाना प्रभारी अलीपुरा द्वारा अपने-अपने थाना पर थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाशों की परेड आयोजित की गई। परेड के दौरान समस्त गुंडा बदमाशो से उनके द्वारा किये जा रहा कार्य/व्यवसाय, निवास स्थान आदि के संबंध में जानकारी ली गयी। पुलिस द्वारा समस्त गुंडा बदमाशों को अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने एवं शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत करने हेतु निर्देशित किया गया।



# सीएमओ पर लगा 250 रुपए का जुर्माना

तरीचरकलां। नगरीय क्षेत्र तरीचरकला नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर लंबित आवेदन का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर के द्वारा ढाई सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लोक सेवा प्रबंधक नीतिश जैन ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित सेवा विवाह पंजीयन के लंबित आवेदन का निराकरण समय सीमा में नहीं किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था परंतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया जवाब संतुष्टि पूर्ण नहीं होने पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के द्वारा ढाई सौ रुपए के जुर्माने की कार्यवाही की गई है।

# नव आगंतुक सीएमओ ने संभाला पदभार

## नगर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने को बताया अपनी प्राथमिकता



राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर को जारी किए गए आदेश के परिपालन में आज नगर परिषद निवाड़ी में नव आगंतुक मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी ने नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार की उपस्थिति में अपना कार्य भार ग्रहण किया तथा तत्कालीन सीएमओ को शासन के आदेश अनुसार रिलीव किया गया। नव आगंतुक सीएमओ अरविंद तिवारी ने बताया कि नगर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता रहेगी इसके साथ-साथ निवाड़ी नगर के प्रवेश स्थान तिगेला को और अधिक सुंदर बनाया जाएगा तथा स्टेशन पर नगरीय निकाय की सीमा पर भी एक स्वागत द्वारा बनाया जाएगा इसके साथ-साथ नवागंतुक सीएमओ श्री तिवारी ने बताया कि एक हफ्ते के अंदर ही नगरीय निकाय की सीमा में पेयजल की व्यवस्था और अधिक सुचारू किए जाने को लेकर अमृत 2.0 योजना के तहत स्टेशन और लक्ष्मनपुरा पर दो पानी की टंकियो का भी शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। नवागंतुक सीएमओ श्री तिवारी ने बताया कि नगर परिषद के अध्यक्ष के साथ हम प्रतिदिन नगर में भ्रमण करेंगे नगर की साफ सफाई की व्यवस्था देखेंगे तथा नगर वासियों की समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण करेंगे।

# एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला खेल विकास संघ के तत्वाधान में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निवाड़ी के खेल मैदान पर एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पांच टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का पहला मैच बरुआसागर और तरीचरकलां टीम के मध्य खेला गया जिसमें तरीचरकलां की टीम विजयी रही दूसरा मैच निवाड़ी शाइनिंग स्टार एवं निवाड़ी जूनियर टीम के बीच खेला गया जिसमें निवाड़ी जूनियर टीम विजयी रही तीसरा मैच शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी एवं निवाड़ी जूनियर के मध्य खेला गया जिसमें शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला तरीचरकलां और शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी की टीम के बीच खेला गया जिसमें तरीचरकलां की टीम विजेता रही तथा शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी की टीम उप विजेता रही। इस अवसर पर कुलदीप दुबे एवं महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी प्रदीप अवस्थी के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में राहुल मनीष कौशिक देवेंद्र यादव यूनुस खान ध्रुव पटेल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



# महिला सुरक्षा को लेकर आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। महिला सुरक्षा महिला संबंधी अपराधों एवं अन्य कानूनी जानकारी को लेकर पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा कई स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें महिला संबंधी अपराधों एवं महिला सुरक्षा के संबंध में जानकारियां दी गई। पुलिस प्रशासन के द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास एवं रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों में स्कूली छात्राएं शिक्षक सहित आमजन उपस्थित रहे जिसमे साइबर क्राइम लैंगिक अपराधों में बालकों का संरक्षण अधिनियम महिला अपराधों डिजिटल अरेस्टिंग तथा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के लिए किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारियां दी गई इसके साथ-साथ महिला हेल्पलाइन नंबर से भी आमजन को अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक माधुरी वंशकार महिला आरक्षक कल्पना राजा मोनिका दुबे आरक्षक अभय शर्मा सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।



# प्रधानमंत्री के खजुराहो दौरे की तैयारियां शुरू

## कलेक्टर-एसपी ने किया सभा स्थल का भ्रमण



खजुराहो। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के दिसंबर माह में संभावित दौरे को संज्ञान में रखते हुए सभा स्थल हेतु कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पुलिस अधीक्षक अगम जैन के साथ बमीठा, खजुराहो के मेला मैदान तथा राजनगर के सत्ती की मढ़िया के मैदान का भ्रमण किया और अधिकारियों के साथ सलाह मशविरा किया।

गौरतलब है कि भारत की नदी जोड़ो अभियान के तहत देश के पहले प्रोजेक्ट केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना ढोढन बांध की आधार शिला रखने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दिसंबर माह में खजुराहो का संभावित दौरा होना है, जिसके अंतर्गत विशाल आमसभा का भी निर्धारण निश्चित है, जिसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने एसपी अगम जैन तथा शासकीय अमले के साथ प्रस्तावित सभा स्थल हेतु भ्रमण किया। इस मौके पर राजनगर एसडीएम बलवीर रमन, एसडीओपी शशांक जैन, तहसीलदार धीरज गौतम, सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, टी.आई. खजुराहो अतुल दीक्षित, टी.आई.राजनगर सिद्धार्थ शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

# बमीठा थाना प्रभारी ने किया घूरा हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था जांची



बमीठा। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम घूरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था जांची, साथ ही यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद किया। थाना प्रभारी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए विद्यालय के वातावरण और सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। बच्चों ने जो भी समस्यायें उन्हें बताईं उनका समाधान कराने का भरोसा बच्चों को दिलाया गया। थाना प्रभारी ने बच्चों और शिक्षकों के बीच मधुर संबंध स्थापित करने और विद्यालय में की सुरक्षा व्यवस्था दृढ़ रखने की अपील की। थाना प्रभारी ने विद्यालय के शिक्षकों से भी बात की। थाना प्रभारी ने बताया कि आने वाले दिनों में क्षेत्र के अन्य विद्यालयों का भी इसी तरह निरीक्षण किया जाएगा।

# एसडीएम ने पकड़े अवैध रेत से भरे दो डम्फर



छतरपुर। मंगलवार को एनएच-39 फोरलेन पर डंफर वाहन के माध्यम से अवैध रेत का परिवहन किए जाने की सूचना मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जप्त किया है। जप्त वाहनों को पुलिस के हवाले कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि फोरलेन से छतरपुर शहर की ओर आते वक्त डंफर वाहन क्रमांक एमपी 16 एच 3013 और यूपी 95 टी 5266 को रोका गया था। दोनों वाहनों के चालकों से रेत परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे गए, जो कि वे नहीं दिखा सके। इसके बाद तहसीलदार संदीप तिवारी की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों वाहनों को जप्त कर छतरपुर के सिविल लाइन थाना में रखवाया गया है। एसडीएम ने बताया कि दोनों वाहनों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

# महालक्ष्मी मंदिर में नेत्र शिविर गुरुवार को

छतरपुर। नगर के सिद्धपीठ माँ महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया है। जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि संतोष कुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल बसारी वालों द्वारा माँ रामबाई एवं पिता चौधरी दुर्गा प्रसाद अग्रवाल की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 12 दिसंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक महालक्ष्मी मंदिर में किया जाएगा। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय,जानकीकुंड चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कर नि:शुल्क दवा एवं चश्मा दिया जायेगा। परीक्षण में मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों को उसी दिन शिविर के बाद अपने वाहन से ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा, मोतियाबिंद का ऑपरेशन नि:शुल्क व सशुल्क दोनों प्रकार के होंगे। मरीजों को चित्रकूट जाने व वापस आने की एवं भोजन व ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। शिविर में मरीजों को खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी।

### अधीक्षण अभियंता कार्यालय में लगेगा विद्युत शिकायत निवारण शिविर

छतरपुर। म.प्र.विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में बुधवार 11 दिसंबर एवं गुरूवार 26 दिसंबर को प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित जाएगा। अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने अपील कि है कि विधुत उपभोक्ता नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिकायत निवारण शिविर में अपनी शिकायतों को दर्ज करवाकर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

# एसपी अगम जैन ने ग्राम पूँछी का भ्रमण कर ग्रामीणों से किया जनसंवाद



छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर शांति एवं सुरक्षित परिवेश के एहसास हेतु जनसंवाद किया जा रहा है।

आज थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूँछी में पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन ने पुलिस बल के साथ प्रभात भ्रमण किया। भ्रमण पश्चात गाँव की एक चौपाल में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में ग्राम वासियों से वार्ता की गई। गांव के किशोर, नवयुवकों से वार्ता कर स्थितियां जानी, शिक्षा एवं अनुशासन पर ध्यान दें, अपील की। अभिभावक उनके क्रिया कलाप पर निगरानी रखें। अपराधिक गतिविधि, गतिविधियों को अंजाम देने वाले एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को देते रहें, संपर्क नंबर का आदान-प्रदान किया गया। शांति एवं सुरक्षित परिवेश का एहसास कराया गया। अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब नशीली सामग्री के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी को निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रम में थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

# मातगुवां पुलिस ने विभिन्न अपराधों में लिप्त 9 आरोपी को किया गिरफ्तार

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर/ पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिलेभर में चल रही आरोपियों मि धरपकड़ में बिजावर एसडीओपी शशांक जैन के मार्गदर्शन में मतगंवा थानाप्रभारी के नेतृत्व में विभिन्न अपराधों में लिप्त 9 आरोपियों को पकड़ा है छतरपुर पुलिस द्वारा फरार वांछित अपराधियों,अवैध हथियार एवं अवैध मादक पदार्थ संबंधी आरोपियों को निरंतर गिरफ्तार किया जा रहा है।थाना मातगुवां पुलिस ने पृथक पृथक स्थान से अवैध शराब जप्त कर 2 आरोपियों 1. देवी सिंह राजपूत पिता विश्राम सिंह राजपूत निवासी रनगवा थाना मातगुवां 2. जाहर यादव पिता लाले यादव निवासी कोड़न थाना मातगुवां को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की। थाना मातगुवां पुलिस ने चोरी, चेक बाउंस सहित चार प्रकरणों के फरार 4 स्थाई वारंटी 3. देवकी नंदन पिता बाबूलाल राजपूत निवासी मातगुवां। (चेक बाउंस के मामले में फरार) 4. मोनू उर्फ तुलसीदास पिता मूलचंद्र कोरी निवासी खेरी थाना मातगुवां (चोरी के मामले में फरार) 5. सत्तू उर्फ राघवेंद्र पिता खचोरे सेन निवासी मझगुआ थाना गुलगंज ( सड़क दुर्घटना के मामले में फरार) 6. कैलाश शर्मा पिता बिहारीलाल निवासी खड़गाय (चेक बाउंस के मामले में फरार) आरोपियों को गिरफ्तार किया।एवं भिन्न भिन्न प्रकरणों के 3 गिरफ्तार वारंटी 7. गयादीन पिता बौरा रैकवार निवासी रगोली थाना मातगुवां। 8. भारत उर्फ भरतू पिता वृंदावन राजपूत उम्र 27 साल निवासी इकरा थाना मातगुवां। 9. मनोज पिता लक्ष्मण अहिरवार उम्र 24 साल निवासी मातगुवां थाना मातगुवां को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बिजावर शशांक जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मातगुवां उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।




**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321